## संकलित परीक्षा-I
## सामाजिक विज्ञान
## कक्षा-X

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 90**

**सामान्य निर्देश :**

1) **इस प्रश्न पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।**
2) **प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक लिखे हुए हैं।**
3) **प्रश्न क्रमांक 1 से 9 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।**
4) **प्रश्न क्रमांक 10 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।**
5) **प्रश्न क्रंमाक 21 से 29 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।**
6) **प्रश्न क्रमांक 30 भूगोल से मानचित्र सम्बन्धी 3 अंक का प्रश्न है। मानचित्र पर उत्तर लिखने के बाद मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर रख कर बांध दीजिए ।**

1. न्यूकामेन द्वारा बनाए गए भाप के इंजन में निम्नलिखित में से किसने सुधार किया? 1

**अथवा**

'लौह दैत्य' शब्द किस के लिए प्रयोग किया जाता था

(a) औद्योगिक शहरों के लिए (b) नई फैक्ट्रियों के लिए

(c) टेनेमेंट्स के लिए (d) लन्दन की भूमिगत रेलवे के लिए

**अथवा**

ब्रेटनवुड सम्मेलन ने निम्नलिखित में से किस संस्थान की स्थापना की? 1

(a) यूनिसेफ (b) संयुक्त राष्ट्रसंघ

(c) लीग आफ नेशन्स (d) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

2. ''प्रिटिंग (मुद्रण) ईश्वर की दी हुई महानतम देन है, सबसे बड़ा तोहफा'' यह शब्द निम्नलिखित में से किसने कहे थे? 1

(a) मार्टिनलूथर (b) इरैस्मस

(c) रामास्वामीनैकर (d) बाल गंगाधरतिलक

**अथवा**

बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय द्वारा लिखित पहला उपन्यास कौन सा था? 1

(a) आनन्द मठ (b) इन्दुलेखा

(c) दुर्गेशनन्दिनी (d) सुल्ताना' ज़ड्रीम

3. पर्यावरण में उपलब्ध ऐसे पदार्थों को जो मानव की आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकते हैं परन्तु उपयुक्त प्रौद्योगिकी के अभराव में उसकी पहुँच से बाहर हैं, को क्या कहा जाता है 1

(a) संभावी संसाधन (b) विकसित संसाधन

(c) भंडार (d) संसाधन

4. बेल्जियम में प्राय: बोली जाने वाली दो भाषाएं हैं: 1

(a) फ्रेंच और अंग्रेजी (b) डच और अंग्रेजी

(c) डच और फ्रेंच (d) डच और जर्मन

5. विभिन्न दलों द्वारा सत्ता में भागीदारी के लिए बनाई गई सरकार को क्या कहते हैं? 1

(a) अधिसंख्यक सरकार (b) संघवादी सरकार

(c) सामुदायिक सरकार (d) गठबन्धन की सरकार

6. अमरीका में नागरिक अधिकार आन्दोलन का नेतृत्व किसने किया था? 1

(a) मार्टिनलूथर किंग (सीनियर) (b) लान एफ. केनेडी

(c) मार्टिर्नलूथर किंग (जूनियर) (d) लेनिन

7. शरीर द्रव्यमान सूचकांक किस का सूचक है? 1

(a) जनसंख्या (b) स्वास्थ्य स्तर

(c) विकास (d) आर्थिक स्तर

8. भिन्न-भिन्न लोगों के विकास लक्ष्य भी भिन्न-भिन्न होते हैं क्योंकि लोगों की: 1

(a) जातियाँ भिन्न होती हैं। (b) सोच भिन्न होती है।

(c) जरूरते भिन्न होती हैं। (d) पृष्ठभूमि भिन्न होती है।

9. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्रक वस्तुओं के बजाय सेवाएं पैदा करता हैं? 1

(a) संगठित (b) तृतीयक

(c) प्राथमिक (d) द्वितीयक

10. आदि-औद्योगीकरण की व्याख्या कीजिए। 3

**अथवा**

बम्बई 'मायापुरो' अर्थात् सपनों का शहर प्रतीत होता है। फिल्म उद्योग के संदर्भ में इस की व्याख्या कीजिए। 3

**अथवा**

अनुबंधित मजदूरों के रूप में भारतीयों के स्थानान्तरण के किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए। 3

11. पुस्तकों और मुद्रण संस्कृति के बारें में 18वीं सदी के मध्य में बने लोगों के बाम विश्वास की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

ऐसे तरीकों का वर्णन कीजिए जिनके माध्यम से भारत में उपन्यासों ने अखिल भारतीयता का अहसास पैदा करने की कोशिश की ।

12. ऐसी तीन मानवीय गतिविधियों की व्याख्या कीजिए जो भूमि निम्नीकरण के लिए उत्तरदायी हैं।

13. भारत के उत्तरी तथा उत्तरी पश्चिमी भाग में रबी की फसलों की पैदावार के लिए उत्तरदायी किन्हीं दो कारकों की व्याख्या कीजिए तथा रबी की ऋतु में उगाई जाने वाली किन्हीं दो महत्वपूर्ण फसलों के नाम लिखिए।

14. किसानों के हित में सरकार द्वारा किए गए किन्हीं तीन सांस्थानिक सुधारों के विषय में लिखिए।

15. लोकतान्त्रिक ढंग से निर्वाचित श्रीलंकाई सरकार द्वारा सिंहलियों की श्रेष्ठता बनाए रखने के लिए अपनाए गए बहुसंख्यकवादी किन्हीं तीन कदमों को स्पष्ट कीजिए । 3

16. ''प्रत्येक सामाजिक विभिन्नता, सामाजिक विभाजन का कारण नहीं बनती।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए। 3

17. समाज में महिलाओं का सम्मान बढ़ाने तथा उनके विरुद्ध भेद–भाव को समाप्त करने के लिए कोई तीन सुझाव दीजिए । 3

18. यू.एन.डी.पी. द्वाी विकास को मापने के लिए प्रयुक्त मापदंड किस प्रकार विश्व बैंक द्वारा प्रयुक्त मापदंड से भिन्न हैं।? स्पष्ट कीजिए। 3

19. विकास के लिए धारणीयता के मुद्दे के महत्वपूर्ण होने के किन्हीं तीन कारणों की व्याख्या कीजिए।3

20. आर्थिक गतिविधियों को प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रकों में वगीकृत करना कैसे उपयोगी है? स्पष्ट कीजिए। 3

21. ईस्ट इंडिया कम्पनी ने किस प्रकार प्रबन्धन और नियन्त्रण द्वारा ऐसी व्यवस्था विकसित की जिससे प्रतिद्वन्द्विता समाप्त हुई, लागत पर नियन्त्रण बना तथा बुनकरों से सूती और रेशमी वस्त्रों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित हुई? इसके कोई दो परिणाम लिखिए। 5

**अथवा**

उन्नीसवीं और बीसवीं सदी में लन्दन में भीड़-भाड़ कम करने के लिए उठाए गए किन्हीं पाँच कदमों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

कार्न लाज़ की व्याख्या कीजिए। इन कानूनों को क्यों हटाया गया ? इन कानूनों को हटाने से इंगलैंड के लोग कैसे प्रभावित हुए?

22. 17वीं और 18वीं सदी के यूरोप में 'पढ़ने का जूनून' पैदा करने वाले किन्हीं पाँच कारकों का वर्णन कीजिए। 5

**अथवा**

चार्ल्स डिकेन्स द्वारा अपने उपन्यास के माध्यम से उजागर की नई समस्याओं का वर्णन कीजिए। 5

23. 'मुद्रण ने समुदायों के बीच केवल मत-मतांतर ही नहीं पैदर किए बल्कि इसने समुदायों को अन्दर से और विभिन्न हिस्सों को पूरे भारत से जोड़ने का काम भी किया' इस कथन की पुष्टि उदाहरणों से कीजिए ।

**अथवा**

18वीं और 19वीं सदी में उपन्यासों की लोकप्रियता के कोई पाँच कारण स्पष्ट कीजिए। 5

24. अपने वनों तथा वन्यजीवन के सरंक्षण हेतु किन्हीं दो कारण्णें की व्याख्या कीजिए तथा भारत सरकार द्वारा इनके सरंक्षण के लिए उठाए गए किन्हीं तीन कदमों का उल्लेख कीजिए। 5

25. राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में वर्षा जल-संग्रहण की विधि का वर्णन कीजिए। इन क्षेत्रों में वर्षा जल संग्रहण के महत्व को उजागर कीजिए ओर इसके किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए। 5

26. ''केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच सत्ता का सन्तुलन हर संघीय सरकार में भिन्न-भिन्न प्रकार का होता है।'' किन्हीं दो उदाहरणों की सहायता से इसकी व्याख्या कीजिए। 5

27. निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में महिलाओं की संख्या बढ़ाने की ज़रूरत की व्याख्या कीजिए। इस लक्ष्य को कैसे प्राप्त किया जा सकता है? 5

28. ''पृथ्वी पर हर व्यक्ति की आवश्यकता पूरी करने के लिए बहुत कुछ है परन्तु किसी के लालच की पूर्ति के लिए नहीं है।'' विकास के सन्दर्भ में इस कथन की पुष्टि कीजिए। 5

29. 'तृतीयक क्षेत्रक भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में कोई महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभा रहा है।'' क्या आप इस कथन से सहमत है? अपने उत्तर के पक्ष में उपयुक्त तर्क दीजिए। 5

30. (a) दिए हुए भारत के राजनीतिक रेखामानचित्र में A पर एक लक्षण चिन्हित किया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इस लक्षण की पहचान कर मानचित्र में ही चिन्हित रेखा पर उसका नाम लिखिए: 3

(A) मृदा का प्रकार

(b) उसी मानचित्र पर निम्नलिखित को उपयुक्त संकेतों द्वारा दर्शाइये एवं उनके नाम लिखिए:

(B) नागार्जुन बांध (C) उत्तर भारत का मुख्य गन्ना उत्पादक राज्य

नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टि बधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न क्रमांक 30 के स्थान पर हैं:

(30.1) ऊँचे तापमान और भारी वर्षा वाले क्षेत्रों में किस प्रकार की मृदा विकसित होती हैं?

(30.2) कृष्णा नदी पर बने बांध का नाम लिखिए।

(30.3) उत्तर भारत का मुख्य गन्ना उत्पादक राज्य का नाम लिखिए।

